## संक्षिप्त

### कबीर पंथ स्थापना महोत्सव मनाया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** कबीर धर्मदास वंशावली मिशन की ओर से कबीर पंथ वंशगद्दी स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उज्जैन के महंत परवत दास के सानिध्य में कबीर मंदिर से वाहन रैली निकाली गयी जो दाहोद रोड, कस्टम चौराहा, पुराना बस स्टैंड, गांधी मूर्ति होते हुए यादव मोहल्ला पहुंची जहां धर्म सभा हुई। महंत परवत दास के आचार्यत्व में आनंदी चौका विधान किया गया। महंत ने बताया कि कबीर पंथ की कबीर धर्मदास वंशावली की स्थापना विसं 1570 सन् 1513 में हुई थी। कबीर ने शिष्य धर्मदास और उनके परिवार को दीक्षा दी थी इसके बाद धर्मदास के पुत्र चूड़ामणिनाम ने विसं 1570 से कबीर पंथ की गुरु गद्दी संभाली। यह पंथ श्री सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर महंत प्रेमदास, ज्ञानदास, प्रीतम दास, लक्ष्मण दास ने भजनों की प्रस्तुति दी। महोत्सव में बांसवाड़ा, घाटोल, खांदू, पत्तोंग, बोरी, मूंगाणा, पतोंक, तलवाड़ा परगना, राजपूत व पाटीदारी सहित सर्व समाजजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कबीर मंदिर के दीवान अमरजी भगत और केडीवी मिशन के सदस्यों के सहयोग से भोजन भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### प्रेमिका को भगाने पर प्रेमी के घर हमला

**डूंगरपुर, (निसं)।** नाबालिग प्रेमिका को भगाकर ले जाने पर लडकी के परिजनों ने प्रेमी के घर पर हमला कर दिया। 50 से अधिक आक्रोशित लोगों ने 4 घरों में पथराव किया और घर में घुसकर तोडफोड कर आग लगा दी। प्रेमी के घर वालों ने भागकर अपनी जान बचाई। धंबोला थाना अधिकारी ने बताया कि युवक 15 दिन पहले नाबालिग प्रेमिका को भगाकर ले गया था। जिस पर प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी के घर वालों को उसे वापस लाकर सौंपने की बात कही थी। लडकी को नहीं लाने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। नाबालिग के नहीं आने पर उसके परिवार के 5० से अधिक पुरुष और महिलाओं ने युवक के घर और उसके परिवार के घरों पर हमला बोल दिया। थाना अधिकारी ने बताया कि प्रेमिका के घर वालों ने पहले प्रेमी के घरों पर पथराव किया। पथराव होने पर प्रेमी के घर वाले अपनी जान बचाकर घर छोडकर भाग गए। पीछे से हमलावरों ने घरों में घुसकर जमकर तोडफोड की ओर आग लगा दी। सूचना पर धंबोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग को बुझाया।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर

**डूंगरपुर, (निसं)।** धंबोला थाना क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सडक हादसा हुआ। झरनी बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार नैना की मौत हो गई। उसके पति चिराग और चाची चेतना गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों गुजरात के वीरपुर से दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सडक पर गिर गए। कार ड्राइवर मौके से कार छोडकर फरार हो गया। घायलों को पहले सीमलवाडा अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने तीनों को गुजरात रेफर कर दिया। गुजरात जाते समय रास्ते में नैना ने दम तोड दिया।

# निगम आयुक्त व यूडीए आयुक्त ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने सोमवार को उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन के साथ शहर में आयड नदी के जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां तुरंत सफाई व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने मौके पर खडे रहकर अग्निशमन वाहनों के माध्यम से गलियों में जमा कीचड को साफ करवा कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाई। इस दौरान निगम अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, यूडीए अधिशाषी अभियंता नीरज माथुर, स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र श्रीमाली आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि निगम प्रशासक एवं जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देश पर सोमवार को यूडीए आयुक्त राहुल जैन के साथ शहर के निगम एवं यूडीए क्षेत्र में जहां जल भराव हुआ था उन क्षेत्रों का निरीक्षण कर वहां तुरंत हालत सामान्य हो ओर किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या नहीं रहे इस हेतु अधीनस्थ अधिकारियों कोआवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना एवं यूडीए आयुक्त राहुल जैन सोमवार को अल सवेरे पुला स्थित आलू फैक्ट्री, करजाली कॉम्प्लेक्स पहुंचे जहां पर जल भराव होने के पश्चात कुछ स्थानों पर जमी गंदगी के कारण क्षेत्रवासी अपने घरों से बाहर बहुत कठिनाई से निकल पा रहे थे। आयुक्त खन्ना ने तुरंत फायर वाहनों के माध्यम से गलियों में जमे कीचड को साफ करवाकर आमजन को राहत पहुंचाई। जमे हुए कीचड की सफाई हेतु निगम की बॉब केट मशीन से कीचड को ट्रैक्टर में भरकर हटवाया गया। हालांकि निगम द्वारा पिछले दो दिनों से लगातार इस कार्य को प्रमुखता से किया जा रहा है फिर भी आयुक्त ने अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था पुख्ता हो ऐसी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुला में सफाई व्यवस्था पुख्ता करने के पश्चात दोनों आयुक्त नवरत्न कंपलेक्स पहुंचे जहां पर जल भराव के कारण रोड की जालियां टूट गई थी, साथ ही सडको पर गड्ढे हो गए है जिस पर जल्द से जल्द राहत कार्य आरम्भ करने के निर्देश दिए।नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि आयड नदी के किनारे बसी सभी कॉलोनियों में मच्छर जनित बीमारी नहीं हो इस हेतु फॉगिंग का कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा। कॉलोनी में कहीं पानी एकत्रित नहीं रहे इस हेतु स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा को विशेष निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य निरीक्षक, सभी सेक्टर प्रभारी, जमादार, सफाई कर्मचारी सभी को इस हेतु पूरी तरह पाबंद किया गया है। आयड नदी के जल भराव के कारण अशोक नगर मोक्ष धाम एवं आयड श्मशान पर गंदगी पसर गई थी। निगम सफाई कर्मचारियों द्वारा 2 दिन तक कार्य कर व्यवस्थित रूप से सफाई की है जिससे शवों के अंतिम संस्कार के दौरान कोई समस्या नहीं हो।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना एवं यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वह अपने घरों के बाहर किसी भी तरह से पानी नहीं जमा होने दे। इसी जमे हुए पानी में मच्छर का लार्वा पैदा होता है जिससे मच्छर जनित बीमारी फैलती है। निगम द्वारा सफाई व्यवस्था में जो भी कार्य करवाए जा रहे है उसमें आमजन अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर निगम के सहयोग करे।



निगम आयुक्त व यूडीए आयुक्त जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।

## सार-समाचार

### देर रात तक डांडिया नृत्यों की धूम रही



**डूंगरपुर, (निसं)।** जैन समाज के पर्युषण पर्व के समाप्ति के पश्चात तीन दिवसीय रथोत्सव सोमवार रात से प्रारंभ हुए रत्थोत्सव के तहत गेपसागर की पाल पर देर रात्रि तक गैर व भुलमणी पर युवक व युवतियों की टोलियां भगवान की स्तुति में नाचते रहे। सोमवार रात्रि को घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर से रथ फोज का बडला, माणक चौक होते हुए घुमटा बाजार पहुंचा जहां से कोटडिया जैन मंदिर का रथ शामिल होकर दोनों रथ सोनिया चौक, कंसारा चौक, विजय चौक होते हुए गेपसागर की पाल पर लाया गया। जहां रथों का रात्रि विश्राम गेपसागर की पाल पर हुआ। इस अवसर पर गेपसागर की पाल पर महिला पुरूष द्वारा अलग अलग गैर व भुलमणी नृत्य खेले गये। इसे देखने के लिए बडी संख्या में धर्म प्रेमी पहुंचे। मध्यरात्रि पश्चात तक चलता रहा, तथा मंगलवार को दिन भर दर्शनाथ के लिए गेपसागर की पाल पर ही रहेंगे। इस अवसर पर घाटी मंदिर के सेठ पियुष घाटिया, कोटडिया मंदिर के प्रभारी रवि सेठ, सहित बडी संख्या में जैन समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिले के साबला, सागवाडा, पीठ-सीमलवाडा, में भी रथोत्सव पर आयोजन किये गये।

### मोहित सचिव व महावीर जैन कोषाध्यक्ष

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री वीशा पोरवाड संघ डूंगरपुर के अध्यक्ष हर्ष मेहता ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमे संरक्षक गजेंद्र मेहता, शशिकांत शाह, हेमेंद्र मेहता, राजेंद्र सी मेहता, नाथूलाल घांटिया,भरतलाल मेहता, सलाहकार संजय कुमार मेहता, महासंघ अध्यक्ष गजेंद्रजी घांटिया, सिद्धार्थ मेहता, कोषाध्यक्ष एवं निर्माण प्रभारी महावीर प्रसाद जैन, सचिव मोहित मेहता, उपाध्यक्ष, सुभाष मेहता, उपाध्यक्ष राजेंद्र के मेहता, उपाध्यक्ष शैलेशजी मेहता, सह कोषाध्यक्ष कैलाश मेहता,सह सचिवनरेश मेहता,सह सचिव रजनीकांतजी मेहता, सह सचिव राजेश आर शाह, नवयुवक मंडल अध्यक्ष नितेश मेहता, राजकुमार मेहता प्रभारी धर्मशाला मनोज मेहता, सहयोग युगलेश शाह, फूल सहयोग रितेश मेहता, सह प्रभारी निर्माण जयेश मेहता, निर्माण आलोक शाह, निर्माणमानवेंद्र जैन,पार्श्वनाथजी मंदिर परिसर सचिनजी शाह, नेमिनाथ जी मंदिर परिसर विकास मेहता,धार्मिक एवं सामाजिक प्रबंध अनिल आर मेहता, विकेश शाह को मनोनीत किया गया है।

### आदेश को निरस्त करने की मांग

**भीण्डर, (निसं)।** जिला चिकित्सालय के दो गायनिक डॉक्टरों को 15-15 दिन के लिए कानोड़ हॉस्पिटल लगाने के आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर भीण्डर का प्रतिनिधि मण्डल वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी से मुलाकात की। जिसमें विधायक डांगी ने आश्वस्त किया कि 15-15 दिन की एक बार ड्यूटी होने के बाद ये आदेश निरस्त करवा देंगे। इसके अलावा भीण्डर नगर की विभिन्न विकास के मुद्दों सहित आमजन की समस्याओं पर भी करीब 2 घंटे चर्चा हुई। विधायक उदयलाल डांगी के समक्ष प्रतिनिधि मण्डल ने भीण्डर जिला चिकित्सालय के गायनिक डॉक्टर सुरेन्द्र यादव व कमलेन्द्र सिंह रावत के 15-15 दिन कानोड़ हॉस्पिटल में सेवा देने के आदेश को निरस्त करने की मांग रखते हुए, इन डॉक्टरों के भीण्डर हॉस्पिटल में नहीं होने से महिला मरीजों को आ रही परेशानियों के बारे में अवगत करवाया। इस पर विधायक ने आश्वस्त किया कि दोनों डॉक्टर एक बार 15 दिन की कानोड़ हॉस्पिटल में सेवाएं दे देंवे उसके बाद आदेश निरस्त करवा देंगे। इस पर प्रतिनिधि मण्डल ने भी सहमति व्यक्त की।

### मिच्छामी दुक्कड़म कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** श्री दशा पोरवाल समाज, उदयपुर द्वारा पर्युषण पर्व पश्चात सामूहिक मिच्छामी दुक्कडम कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम में समाज के उदयपुर में निवासरत लगभग 80 परिवारों ने हिस्सा लिया एवं सभी सदस्यों ने आपस में एक दूसरे से क्षमा याचना की । कार्यक्रम में उदयपुर समाज के अध्यक्ष श्री देवेंद्र जी जैन के सानिध्य में उदयपुर समाज की नई समितियों का गठन किया गया । समाज सदस्य श्री रोशन जैन ने बताया की कार्यक्रम में गत वर्ष के प्रतिभावान छात्रों में 10 में अम्बर जैन (97.2 स्कूल टॉपर), जैनम जैन (89), 12 में मोक्शी गाँधी (92), बनने पर ध्रुविका कोठारी, हर्षिता जैन, चाहत जैन एवं .. करने के लिए हर्ष जैन का सम्मान किया गया। इस पूरे दिन के आयोजन में सुबह सामूहिक भक्तामर पाठ से शुरू होकर स्वामिवात्सल्य के साथ समापन किया गया।

### डॉक्टर एल. सी चारण को सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर, (कासं)।** मावली नगर पालिका वासियों द्वारा अजमेर विद्युत वितरण निगम मावली में ज्ञापन सौंप हो रही असुविधाओं बारे में बताया की बार-बार अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों को परेशानी हो रही हैं।ज्ञापन में बताया कि जगह-जगह तार झूल रहे है कभी भी जनहानी हो सकती है, सभी समस्याओं का सात दिवस के भीतर भीतर निस्तारण करने का किया जाए साथ ही उप जिला चिकित्सालय मावली में चिकित्सा अधिकारी उप चिकित्सालय मावली डॉक्टर एल. सी चारण चारण को ज्ञापन सौंप मावली चिकित्सालय व्याप्त अव्यवस्थाओं बारे में अवगत कराया। ज्ञापन में बताया की डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ नियत समय पर नहीं आते, चिकित्सालय में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है।

## मंदिर में हुई चोरी का खुलासा



पुलिस ने जैन मंदिर से नगदी चुराने का आरोपी दबोचा।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** घाटोल थाना पुलिस ने जैन मंदिर चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गयी नगदी एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है वहीं अन्य आरोपियों की तलाष की जा रही है। थानाधिकारी निर्भय सिंह ने बताया कि गत 4 अगस्त को प्रार्थी सेठ राजमल पुत्र पन्नालाल जैन ने रिपोर्ट दी कि कस्बे के मध्य 1008 वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में रोज की तरह रात्रि साढ़े आठ बजे बाद पुजारी कन्हैयालाल जोषी निवासी घाटोल मुख्य दरवाजे का ताला बंदकर अपने घर पर गया। मंदिर की चौकीदारी के लिये दो चौकीदार देवजी व धनजी रखे हुए थे। सुबह लगभग साढ़े चार बजे चौकीदारों ने सूचना दी कि मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाष दान पात्र को तोड़कर अंदर रखी नगदी चुराकर ले गये हैं। इस पर प्रार्थी व समाज के अजीत कुमार लालावत व अन्य समाजजनों के साथ मंदिर पर गये तब तक पुलिस का जाप्ता भी पहुंच चुका था। चोर दानपात्र से लगभग 25 हजार रूपये चुरा ले गये। चोरों ने गर्भगृह का भी दरवाजा तोड़ा मगर अंदर रखी मूर्तियां व अन्य सामान सुरक्षित थे।

# फिजियोथेरेपिस्ट डाक्टर्स का किया सम्मान

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से सोमवार को महाविद्यालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, मुख्य अतिथि वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सी.के. आमेटा, डॉ. मनोज कुमार, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने फिजियोथेरेपी डाक्टर्स का उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया।

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने फिजियोथेरेपिस्ट डाक्टर्स को बधाई देते हुए कहा कि आपने यह पुनित सेवा के कार्य को चुना है, मानव सेवा से बडी, कोई सेवा हो नहीं सकती। व्यक्ति हर ऋण को चुका सकता है लेकिन सेवा के इस पवित्र ऋण को कोई नहीं चुका सकता, वह जीवन भर आपके द्वारा किये गये कार्य को हर पल याद करता है। आज वृद्धा अवस्था में आने वाली बिमारी सबसे बडी समस्या बन गयी है। परिवार छोटे व टूटते जा रहे है ऐसी अवस्था में इनकी निगाह आपकी ओर रहती है।

इस वर्ष की विश्व फिजियोथैरेपी फेडरेशन की थीम हेल्दी एजिंग जिसमें 60 साल की उम्र के बाद बुजुर्ग लोगों की समस्या का समाधान करना मुख्य रूप से आवश्यक बताया गया है। संचालन एवं आभार डॉ. प्रज्ञा भटट् ने अदा की।इस अवसर पर डॉ. विनोद नायर, डॉ, प्रज्ञा भट्ट, डॉ. मानस रंजन, डॉ. चिराग पुरबिया, डॉ. कार्तिक सुखवाल,डॉ.प्रिया दाधीच,डॉ.आरुषि टंडन, डॉ. रोनिता सोनी, डॉ, प्रतीक अग्रवाल, डॉ. करण, डॉ. अर्पित गुप्ता का उपरणा ओढा कर सम्मान किया।



विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत व अन्य ने फिजियोथेरेपी डाक्टरों को सम्मानित किया।

# फतहसागर झील किनारे बनेगा नाइट फूड कोर्ट : कलेक्टर

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों और प्रकृति के बीच घूमने के लिए उदयपुर में सबसे ज्यादा टूरिस्ट आते हैं। लेकिन रात में यहां टूरिस्ट के लिए खाने को लेकर समस्या हो जाती है। अब इसका समाधान निकालते हुए फतहसागर झील किनारे नाइट फूड कोर्ट बनाने पर काम शुरू कर दिया है।

उदयपुर के जिला कलेक्टर नमित मेहता मेहता के अनुसार नाइट टूरिज्म राज्य सरकार की बजट घोषणा में शामिल है। हमने इस पर काम शुरू कर दिया है। उदयपुर में बडी संख्या में टूरिस्ट आता है। उन्होंने ने कहा कि हमारा प्लान है कि उदयपुर में फतहसागर झील किनारे रानी रोड पर पूरी रात या लेटनाइट तक चौपाटी शुरू करने जा रहे हैं। ये पूरी तरह से नाइट टूरिज्म को लेकर ही है। नाइट फूड कोर्ट रानी रोड़ सडक स्थित चौपाटी सबसे बेस्ट जगह है। ऐसा प्लान कर रहे हैं कि फूड कोर्ट में शहर में किसी प्रतिष्ठान या ब्रांड की सर्वाधिक लोकप्रिय खाद्य वस्तु मिले और उनका आउटलेट एक ही जगह पर स्थापित हो।

उन्होंने बताया कि देश-दुनिया से उदयपुर घूमने आने वाला टूरिस्ट दिन में ही घूमे ऐसा नहीं वह रात को भी घूमने निकलता है लेकिन समय कम मिलता है। मेहता ने कहा कि हम विचार कर ऐसे टूरिस्ट प्वाइंट चिह्नित कर रहे हैं,जहां रात में भी टूरिस्ट आराम से घूम सके इसके लिए ऐसे स्थानों को समय बढाने का प्लान कर रहे हैं।उन्होंने कहा. टूरिज्म को बढाने के साथ.साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरा ख्याल रखा जाएगा। जो भी नियम बने हैंए उसकी पालना की जाएगी।मेहता ने कहा कि फतहसागर पर सर्किट हाउस वाले मार्ग पर ट्रैफिक बहुत रहने लगा ऐसे में अब हमने नेहरू पार्क जाने के लिए इस बार रास्ता ही रानी रोड से दिया है। ऐसे में अब सर्किट हाउस के पास वाली रोड पर ट्रैफिक कम होगा और रानी रोड की तरफ भी टूरिस्ट बढेगा।

# आपत्तिजनक बयानों पर दी प्रतिक्रिया

**उदयपुर, (कासं)।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने खुला आरोप लगाते हुए कहा कि बीएपी के नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए समाज में विखंडन पैदा करने, युवाओं में भटकाव और अलगाववाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसको आदिवासी समाज के लोग समझ रहे हैं और आने वाले वक्त में इसका जवाब भी देंगे।

सांसद डॉ रावत ने बीएपी नेता व धरियावाद विधायक थावरचंद द्वारा हाल में उनके खिलाफ आपत्तिजनक, अनैतिक व अश्लील भाषा में दिए गए बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विगत कुछ समय में आदिवासी समाज में कुछ बाते जानबूझ कर और दबाव डाल कर पनपाई जा रही है, जिसको कैथोलिक चर्च ऑफ रांची का भी समर्थन है। ये लोग जो एक अलग धर्म कोड की मांग करते हैं। नेहरू मित्र पादरी वेरियर एलविन की बयानों का प्रचार करते हैं। बीएपी वाले संस्कृति विनाशक है जो विराट हिन्दू समाज में महादेव की संतति आदिवासी समाज पर आक्रमण करते हैं। सांसद डॉ रावत ने कहा कि ये वह लोग है जिन्होंने काकरी डूंगरी कांड में दो निर्दोष आदिवासी युवाओं की हत्या करवा दी थी। ये लोग दिन रात एक ही काम करते हैं कि समाज की जो सज्जन शक्ति है, अच्छाई है, मिलजुल कर रहने का जो भाव है उसको तोडने की कोशिश करते हैं।

# 'वाइब्रेंट गुजरात नवरात्रि उत्सव' में होगा गरबा व व्यंजनों के साथ वाइब्रेंट गुजराती संस्कृति का अनुभव

**उदयपुर, (कासं)।** यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त गुजरात का प्रतिष्ठित लोकनृत्य, गरबा अब उदयपुर के लोगों के दिलों को लुभाने के लिए तैयार है। अपनी तरह के पहले सांस्कृतिक उत्सव के रूप में, गुजरात सरकार का गुजरात पर्यटन विभाग राजस्थान के उदयपुर में वाइब्रेंट गुजरात प्री-नवरात्रि फैस्टिवल 2025 आयोजित कर रहा है।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इनके साथ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और गुजरात के पर्यटन मंत्री मुलुभाई बेरा भी कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे। यह उत्सव 14 सितंबर को फील्ड क्लब उदयपुर में आयोजित किया जाएगा, जहाँ संगीत, नृत्य और परंपरा का एक अनूठा अनुभव प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें सभी के लिए निशुल्क प्रवेश, फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर दिया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में - गुजरात टूरिजम के जनरल मैनेजर चेतन मिसल, गुजरात टूरिजम के असिस्टेंट जनरल मैनेजर हरेन्द्र सिंह डाबी और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उदयपुर के उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा ने दी।




उदयपुर में प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी गुजरात टूरिजम के जनरल मैनेजर चेतन मिसल, गुजरात टूरिजम के असिस्टेंट जनरल मैनेजर हरेन्द्र सिंह डाबी ,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उदयपुर के उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा ने दी।

चेतन मिसल ने बताया कि फैस्टिवल से पूर्व 8 से 13 सितंबर तक सुबह 10 से दोपहर 1 बजे और शाम 7 से 11 बजे तक जेडीसीए डांस एंड स्पोर्ट्स फिटनेस हब, उदयपुर में गरबा वर्कशॉप्स का आयोजन किया जाएगा। इसमें फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर निशुल्क प्रवेश रहेगा। वर्कशॉप में भाग लेने के लिए 6358144611 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि फैस्टिवल के दौरान आकर्षक उपहार और इनाम भी प्रदान किये जाएंगे। इसमें शॉपिंग वाउचर, सर्वश्रेष्ठ परंपरागत पोशाक के लिए - पुरुष, महिला और बालक श्रेणी में उपहार, सर्वश्रेष्ठ गरबा प्रदर्शन के लिए पुरुष, महिला, युगल और बालक श्रेणी में उपहार, सर्वश्रेष्ठ गरबा प्रदर्शन एक समूह द्वारा (5 से 10 सदस्य) में उपहार तथा सर्वश्रेष्ठ अपलोड की गई रील के लिए इनाम जीतने का अवसर मिलेगा।

हरेन्द्र सिंह डाबी ने बताया कि फैस्टिवल में गुजरात के सबसे प्रसिद्ध गायकों में से एक पार्थिव गोहिल लाइव प्रदर्शन से गुजरात की पारंपरिक गरबा पर प्रस्तुति देंगे। यही नहीं, आगन्तुक गुजरात के नृत्य और संगीत से लेकर हस्तकला और व्यंजनों का भी आगन्तुक लुप्त उठा सकेंगे। गरबा नृत्य में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पारंपरिक पोशाक पहनना अनिवार्य है। गैर-पारंपरिक पोशाक पहने मेहमान दर्शक के रूप में गरबा उत्सव का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि उत्सव शाम 7.30 बजे से शुरू होगा, जो एक अविस्मरणीय शाम का मंच तैयार करेगा। उत्सव की शुरुआत 30 मिनट के आकर्षक पारंपरिक गुजराती लोक प्रदर्शन से होगी, जहाँ दर्शक तलवार रास, गोफ गुंथन और मणियारो रास जैसे वाइब्रेन्ट प्रदर्शनों से मंत्रमुग्ध हो जाएँगे। ये सभी प्रस्तुतियाँ लय और गति के माध्यम से गुजरात की सांस्कृतिक विरासत की भावना, वीरता और आनंद को प्रस्तुत करती हैं। इस मनमोहक प्रस्तुति के बाद, जानेमाने बॉलीवुड पार्श्व गायक पार्थिव गोहिल मंच पर आएंगे और एक प्रतिभाशाली ऑर्केस्ट्रा का नेतृत्व करेंगे, जो गरबा की मोहक धुनों को वाइब्रेन्ट कर देगा और ऊर्जा का स्तर और बढ जाएगा। इसके बाद गरबा नृत्य का मंच खुलेगा जहां गरबा प्रेमियों को- चाहे वे अनुभवी कलाकार हों या पहली बार गरबा कर रहे हों, तारों से जगमगाते उदयपुर के आसमान के नीचे गरबा नृत्य का आनंद ले सकेंगे।

**केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, गुजरात कैबिनेट मंत्री मुलुभाई बेरा की रहेगी उपस्थिति**

# दशलक्षण महापर्व का समापन

**राजसमंद, (निसं)।** दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन सोमवार को क्षमावाणी पर्व पूरे उत्साह से मनाते हुए धर्मावलम्बियों ने जाने-अनजाने में हुई अपनी भूल अथवा गलती के लिए परस्पर क्षमा याचना का भाव व्यक्त किया।

महापर्व की आखरी कडी में कांकरोली स्थित शांतिनाथ मंदिर में क्षमावाणी पर्व के उपलक्ष्य में क्षमायाचना कलशाभिषेक हुआ। समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन, महामंत्री सुनील जैन सहित वरिष्ठजनों की उपस्थिति में पं प्रसून जैन ने मंत्रोच्चार के बीच यह विशेष पूजा विधान सम्पन्न कराया। इसमें समाजजनों ने आस्था भाव से हिस्सा लिया। इसके तहत शांतिनाथ भगवान पर संध्याकालीन वार्षिक अभिषेक का सौभाग्य व धर्मलाभ महावीर प्रसाद, कमल कुमार, मुकेश जैन परिवार एवं अभिषेक व अन्वय जैन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर अन्य अनुष्ठान उपरांत शांतिनाथ भगवान की महाआरती हुई एवं समाजजनों ने महाप्रसाद प्राप्त किया।

## गोयल का निधन

**उदयपुर, (कासं)।**प्रातःकाल दैनिक के प्रबन्ध संपादक सुनील गोयल का कुछ समय की अस्वस्थता के बाद सोमवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार सोमवार शाम अशोक नगर स्थित गैस शवदाहगृह में किया गया। इस दौरान परिवार, समाज, मित्र जनों की मौजूदगी रही। प्रातःकाल के समूह संपादक सुरेश गोयल के बड़े भाई सुनील गोयल मेवाड़ के कागज़ी ख़ानदान से संबंध रखते थे। मेवाड़ की सबसे पहली प्रिंटिंग प्रेस श्रीकृष्ण छापाखाना इसी खानदान द्वारा स्थापित की गई थी।

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/1389 **आम सूचना** दिनांक : 8/9/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिपेन्द्र सिंह राठौड़ पिता श्री हुकुमसिंह राठौड़ | मनवा खेड़ा | 323, 324, 326, 328, 329, 330, 327 मीन, 331 से 336, 1343, 2513/327, 337/2430 | नया 214 (पुराना 28) | 1198.00 वर्गफीट | हिरण मगरी सेक्टर-3 से एफ.सी.आई. गोदाम को जाने वाली 100 फीट सड़क पर मयंक मेडिकल सामने स्थित हैं। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द**

सं. 4867 **लोक-सूचना** दिनांक: 05/09/2025

श्री भंवरलाल पिता श्री वल्लभदास पालीवाल निवासी जलचक्की मार्ग कमल तलाई कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | तरसिंगड़ा | 504<br>506 | रकबा 0.4856 हैक्टेयर<br>रकबा 0.5180 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05/09/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द